दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 25.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में हुआ छात्र परिषद का गठन

गोरखपुर 25.02.2026। दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में सत्र 2025–26 हेतु छात्र परिषद का गठन आज महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

प्राचार्य ने अपने वर्षों के शिक्षण अनुभव से प्रेरित होकर कहा कि छात्र परिषद कॉलेज की लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है, उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में पूर्व परिषदों ने सांस्कृतिक उत्सवों और सामाजिक जागरूकता अभियानों को सफल बनाया, जिससे छात्र नेतृत्व मजबूत हुआ। परिषद में प्रिंस यादव को अध्यक्ष, सत्यम पांडे को उपाध्यक्ष, छत्रसाल सिंह को महामंत्री, छवि मौर्य को संयुक्त मंत्री, आशुतोष विश्वकर्मा एवं सताक्षी गुप्ता को संयुक्त पुस्तकालय मंत्री चुना गया।

इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए शुभकामनाएं दीं। कला संकाय प्रभारी प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव ने कहा कि पद धारण के साथ सदस्यों का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है। उन्होंने पठन–पाठन, नियमित कक्षाओं एवं परिसर स्वच्छता पर ध्यान देने तथा महाविद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने छात्र परिषद के गठन एवं कार्य संयोजन में संयोजक डॉ. राकेश कुमार के प्रमुख योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य नियंता डॉ. रामप्रसाद यादव, डॉ. शैलेश सिंह, श्री इंद्रेश पांडे, संजीत सिंह, अनिता कुमारी, अनुराधा सिंह, शिव कुमार, नवीन सिंह एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क